जनपद हरदोई

प्रेस नोट- थाना मंझिला **दिनांक 23.07.2024**

थाना मंझिला पुलिस द्वारा 10 वर्षीय बालक की हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरण-

अवगत कराना है कि आज दिनांक 22.07.2024 को ग्राम जलालपुर परतई प्राइमरी स्कूल के पास यूकेलिप्टस की बाग में एक 10 वर्षीय बालक का शव मिलने की सूचना थाना मंझिला पर प्राप्त हुई। प्रभारी निरीक्षक मंझिला द्वारा मय पुलिस बल के मौके पर तत्काल पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मृतक बालक के शव का नियमानुसार पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण करके पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। इस घटना के संबंध में मृतक बालक के परिजन ने थाना मंझिला पर मु0अ0सं0 237/24 धारा 103(ए) बीएनएस बनाम दीपू पुत्र मदन निवासी ग्राम जलालपुर परतई थाना मंझिला जनपद हरदोई के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

कार्यवाही-

दिनांक 22.07.2024 को थाना मंझिला पुलिस मुकदमा उपरोक्त में नामजद वांछित अभियुक्त दीपू उपरोक्त का मुखबिर की सूचना पर पिहानी-शाहाबाद मार्ग पर सरकारी वाहन से पीछा कर रही थी अभियुक्त पुलिस को देखकर अपनी मोटरसाइकिल न0UP 30BA 8086 से भाग रहा था कि अहमी तिराहे से करीब 200 मीटर आगे अभियुक्त भागते समय मोटरसाइकिल सहित गिर पड़ा जिससे वह घायल हो गया। घायल अवस्था में अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया जिसका समुचित उपचार कराया जा रहा है। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

दीपू पुत्र मदन निवासी ग्राम जलालपुर परतई थाना मंझिला, हरदोई।

बरामदगी-

मोटरसाइकिल HF DELUXE न0UP 30BA 8086

गिरफ्तार करने वाले टीम का विवरण-

1.प्र0नि0 प्रियम्बद मिश्रा थाना मंझिला, हरदोई।

2.उ0नि0 रामकिशोर चंदैल थाना मंझिला, हरदोई।

3.उ0नि0 महमूद आलम थाना मंझिला, हरदोई।

4.का0 प्रतीक थाना मंझिला, हरदोई।

5.का0 निशांत थाना मंझिला, हरदोई।